an>

Title: Need to fill up the vacancies under MGNREGA in Jharkhand.

श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा) : आदरणीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपका ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृÂष्ट करना चाहता हूं। झारखंड में मनरेगा की स्थिति पूर्ववर्ती सरकार की क्रियाकलाप के चलते अत्यंत खराब हो गई थी परंतु वर्तमान सरकार ने लगातार उसमें सुधार किया है। मनरेगा योजना में स्वीकृत पद जैसे प्रखंड कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, लेखा सहायक, कम्प्यूटर ऑपरेटर आदि के पद खाली पड़े हुए हैं। अभी भी राज्य में मनरेगा का क्रियान्वयन सही ढंग से नहीं हो पा रहा है। मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग है कि झारखंड सरकार में मनरेगा योजनाओं में रिक्त पदों की शीघ्र भर्तियां की जिससे मनरेगा का कार्य सुचारू हो सके और योजना के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके।